# हवाई यातायात पर कोहरे का असर : सुबह की 16 से ज्यादा उड़ानें लेट

**इंदौर. इंदौर में शनिवार को सुबह से घना कोहरा छाया रहा. इसका सबसे ज्यादा असर इंदौर के हवाई यातायात पर पड़ा. इंदौर में जहां 6.40 बजे से विमानों का उतरना शुरू हो जाता है, वहीं आज घने कोहरे के कारण पहला विमान लगभग 3 घंटे की देरी से 9.30 बजे उतर पाया. उड़ानों के आने में देरी होने से जाने वाली भी उड़ानें लेट रहीं. कोहरे के कारण 16 से ज्यादा फ्लाइट दो से तीन घंटे देरी से संचालित हुईं. इसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. वहीं, कोहरे का रेल यातायात पर भी आंशिक असर रहा. इसके कारण कुछ ट्रेन लेट हुईं.**

इंदौर एयरपोर्ट अथॉरिटी से मिली जानकारी के मुताबिक इंदौर एयरपोर्ट पर सुबह आमतौर पर जहां दृश्यता तीन से पांच किलोमीटर तक होती है, वहीं आज घने कोहरे के कारण यह घटकर 100 मीटर तक जा पहुंची. कोहरा इतना घना था कि सुबह भी सड़कों पर वाहन चालक लाइट जलाकर गाड़ी चला रहे थे और कुछ ही दूरी पर स्थित चीज नजर नहीं आ रही थी. दूसरी ओर कोहरे के कारण कुछ ट्रेन भी लेट हुईं.

**देरी से आने के साथ ही उड़ानें देरी से रवाना भी हुईं-** घने कोहरे को देखते हुए इंदौर के एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) ने भी यहां आने वाली उड़ानों को पहले ही सूचित कर दिया था, इस कारण ज्यादातर उड़ानें देरी से ही अन्य शहरों से रवाना हुईं. इंदौर आने वाली उड़ानों के लेट होने के कारण इनकी वापसी भी देरी से हुई. वहीं जो विमान रात को ही इंदौर पहुंच गए थे, वे भी तय समय से देरी से ही रवाना हुईं. इसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा.

## 3 घंटे की देरी से सुबह 9 .30 बजे इंदौर में उतरा पहला विमान




शनिवार को शहर कोहरे और कड़कड़ाती ठंड की चपेट में रहा. धूप न निकलने के कारण ठंडी हवाएं चुभती रहीं. न्यूनतम पारा भी 21.9 डिग्री तक पहुंच गया.

### उड़ान में बिगड़ी तबीयत, इंदौर एयरपोर्ट पर मेडिकल इमरजेंसी

मुंबई से इंदौर आ रही एयर इंडिया की फ्लाइट में एक महिला यात्री की तबीयत अचानक बिगड़ गई. घटना कल शाम करीब 7.10 बजे चेन्नई मुंबई होते हुए इंदौर आ रही फ्लाइट (एआई-2749) की है. 50 वर्षीय महिला यात्री को उड़ान के दौरान सिरदर्द और घबराहट की शिकायत हुई, जिस पर पायलट ने इंदौर एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचना दी. विमान के इंदौर पहुंचते ही मेडिकल इमरजेंसी घोषित की गई और प्राथमिकता के आधार पर लैंडिंग कराई गई. एयरपोर्ट मेडिकल टीम ने महिला को तुरंत उपचार दिया. प्रारंभिक जांच में माइग्रेन और बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर सामने आया. दवाइयों और आराम के बाद महिला की हालत में सुधार हुआ और वे सहयात्री के साथ एयरपोर्ट से रवाना हो गईं.

### इंडिगो ने फिर निरस्त की एक उड़ान

इंडिगो एयरलाइंस द्वारा उड़ानों को निरस्त किए जाने का सिलसिला लगातार जारी है. शनिवार को इंडिगो एयरलाइंस ने नासिक की उड़ान (6ई-7109) को निरस्त किया है. यह फ्लाइट इंदौर से दोपहर 1.30 बजे नासिक के लिए रवाना होती है और शाम 4.15 बजे नासिक से वापस इंदौर पहुंचती है. इसे निरस्त करने के कारण इस फ्लाइट में बुकिंग कर चुके यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा. कंपनी द्वारा यात्रियों को रिफंड और री-बुकिंग का विकल्प दिया गया है. हालांकि यात्रियों को इसके लिए ज्यादा रुपए चुकाने पड़ रहे हैं. इंडिगो ने कल शुक्रवार को भी नासिक सहित कुल 8 उड़ानों को निरस्त किया था.

**ये फ्लाइट देर से पहुंची इंदौर**

| | |
|---|---|
| पुणे-इंदौर | 6ई 284 |
| दिल्ली-इंदौर | एआई 1725 |
| बेंगलुरु-इंदौर | 6ई 959 |
| दिल्ली-इंदौर | 6ई 6212 |
| मुंबई-इंदौर | 6ई 5161 |
| दिल्ली-इंदौर | आईएक्स 1228 |
| अहमदाबाद-इंदौर | 6ई 7173 |
| जयपुर-इंदौर | 6ई 7744 |

एक नजर में

## व्यक्ति के सद्कार्य ही रहते हैं सदा स्मरणीय



इंदौर. दिवंगत रमेश चंद्र अग्रवाल की पत्नी स्व. शारदा देवी अग्रवाल की 22वीं पुण्यतिथि रोड स्थित विश्वनाथ धाम में मनाई गई. कार्यक्रम के प्रारंभ में सुभाष गोयल, मुकेश कचोलिया, पंकज मित्तल, विष्णु बिन्दल, गणेश गोयल एवं रमाकांत अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन के साथ सामूहिक प्रार्थना एवं श्रद्धांजलि सभा का आरंभ किया. स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा भजनांजलि अर्पित की गई. श्रद्धांजलि सभा में अतिथियों ने कहा कि व्यक्ति का व्यक्तित्व एवं उनके द्वारा किए गए सद्कार्य ही सदा स्मरणीय रहते है और इसीलिए आज हम सब 22 वर्षों के बाद भी शारदा जी को और उनके सदकार्यों के स्मरण हेतु यहाँ एकत्रित हुए हैं. इस विद्यालय से शारदाजी का अत्यधिक लगाव था. वे अधिकतर अपना समय निकालकर यहाँ आती थी और बच्चों के साथ अपना समय व्यतीत करती थी. आज भले ही वह अप्रत्यक्ष रूप से हमारे सामने नहीं है किंतु उनकी उपस्थिति को इस विद्यालय के कण कण में महसूस किया जा सकता है. इस अवसर पर धीरेन पटेल, हेमंत गोयल, आकाश गुप्ता, पवन जायसवाल, अजय अग्रवाल, रचना जैन एवं विद्यालय परिवार के साथ अन्य लोग उपस्थित थे.

## लिवर, हेपेटोबिलियरी साइंसेज व ट्रांसप्लांट संस्थान का उद्घाटन




इंदौर. एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अपोलो हॉस्पिटल्स ने अपोलो इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर, हेपेटोबिलियरी साइंसेज़ एवं ट्रांसप्लांट की औपचारिक शुरुआत की. इस संस्थान का उद्घाटन अपोलो इंदौर के पहले लिवर ट्रांसप्लांट मरीज द्वारा किया गया. यह संस्थान लिवर से संबंधित जटिल एवं गंभीर रोगों के उपचार के लिए पूर्णत: समर्पित है. संस्थान का नेतृत्व सीनियर लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. अभिषेक यादव, सीनियर लिवर एवं हेपेटोबिलियरी सर्जन डॉ. सुदेश शारडा तथा सीनियर कंसल्टेंट हेपेटोलॉजिस्ट डॉ. अमित बर्फ़ा कर रहे हैं. सीनियर गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट डॉ. अश्मीत चौधरी ने कहा अपोलो का उद्देश्य श्रेष्ठ चिकित्सा विशेषज्ञों को एक ही छत के नीचे लाना है, ताकि सेंट्रल इंडिया के मरीजों को जटिल लिवर उपचार के लिए महानगरों की ओर रुख न करना पड़े. डॉ. अभिषेक यादव ने कहा अब अपोलो में लिवर ट्रांसप्लांट एवं जटिल लिवर सर्जरी एक सुव्यवस्थित, प्रशिक्षित और अनुभवी टीम द्वारा की जाएगी. डॉ. सुदेश शारडा ने कहा संस्थान गंभीर एवं हाई-रिस्क लिवर रोगों के उपचार के लिए एक समर्पित केंद्र के रूप में कार्य करेगा. डॉ. अमित बर्फ़ा ने कहा अब तक मरीजों को इस तरह की समग्र और दीर्घकालिक पोस्ट-ट्रांसप्लांट केयर के लिए बड़े महानगरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन अब सम्पूर्ण देखभाल इंदौर में उपलब्ध होगी.

## वार्षिक स्नेह मिलन समारोह स्थगित

इंदौर. एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यपदेश के अध्यक्ष योगेश मेहता ने बताया कि एसोसिएशन द्वारा 4 जनवरी को वार्षिक स्नेह मिलन एवं उद्योगपति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था जिसें इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में हुए दुख:द घटनाक्रम एवं दिवंगतों के प्रति अपनी गहरी शोक संवेदना स्वरूप आयोजन को आगामी तिथि तक स्थगित कर दिया है. आपने बताया कि इस आयोजन में मुख्यमंत्री ने उपस्थित होने की स्वीकृति प्रदान की थी. अध्यक्ष योगेश मेहता ने कहा कि आज भी कई पीड़ित जीवन की जंग लड रहे है, एसोसिएशन परिवार उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता है और दिवंगतों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाओं के साथ श्रध्दाजंलि अर्पित करता है।

## विजयवर्गीय दिल्ली तलब चर्चाओं का बाजार गर्म..!

नव भारत न्यूज

**इंदौर. भागीरथपुरा की घटना को लेकर आज दिनभर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के दिल्ली यात्रा की चर्चा चलती रही। उनकी यात्रा को लेकर तरह तरह की चर्चाओं का राजनीतिक हलकों में बाजार गर्म रहा. एक चर्चा यह भी रही कि भाजपा आलाकमान ने उन्हें दिल्ली सभी स्थितियां जानने के लिए बुलाया है.**



शहर में दूषित पानी से 16 लोगों को मौत के बाद मुख्यमंत्री ने शहर के अधिकारियों को हटा दिया। इसके बाद शहर के राजनीतिक गलियारों और भाजपा में कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफा देने की चर्चा शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि इंदौर भागीरथपुरा का मामला देश भर में चर्चित होने के बाद भाजपा हाईकमान ने विजयवर्गीय को दिल्ली तलब कर चर्चा की। अचानक से विजयवर्गीय से जुड़ी चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। इसमें एक चर्चा यह भी थी कि विजयवर्गीय इस्तीफा दे सकते हैं !

## मां शाकम्भरी को 11 किस्म के फूलों का गजरा, चुनरी समर्पित

- मंगल पाठ एवं तांडव आरती में झूम उठे हजारों श्रद्धालु
- महोत्सव में वैश्य संगठनों के 1200 परिवारों ने की भागीदारी



**इंदौर.** साग-सब्जी, फल-फूल और देश को वनस्पत्ति संपदा की आपूर्ति करने वाली मां शाकंभरी देवी की जयंती शनिवार शाम बायपास स्थित सम्पत्त पैलेस पर तांडव एवं पंचरत्न आरती, कन्या पूजन तथा मंगल पाठ के दौरान नृत्य नाटिका के साथ धूमधाम से संपन्न हुई.

सुबह सुसज्जित मंदिर की प्रतिकृति एवं मातारानी के श्रृंगारित दरबार में भजन-पूजन, अभिषेक के बाद संध्या को फूल बंगले में विराजित मां शाकंभरी की प्रतिकृति के समक्ष 11 किस्म के फूलों का गजरा, सुहाग सामग्री एवं चुनरी समर्पित करने के बाद मालवांचल के 40 से अधिक वैश्य घटकों एवं अन्य समुदायों के 1200 से अधिक परिवारों की भागीदारी में जैसे ही आरती प्रारंभ हुई, हजारों श्रद्धालु झूम उठे. तांडव एवं क्षिप्रा आरती के मनोहारी दृश्यों ने भक्तों को भाव विभोर एवं रोमांचित कर दिया. उत्सव में समूचा परिसर इस वर्ष भी डिस्पोजल मुक्त रहा. सकराय धाम से शाकम्भरी सेवा समिति के श्याम डोकानिया एवं दीपक सैनी विशेष रूप से इस महोत्सव में शामिल हुए. महोत्सव की शुरूआत आचार्य प. प्रद्युम्न दीक्षित एवं आचार्यों के निर्देशन में गणेश स्थापना एवं मंडल पूजन के साथ 11 विद्वानों द्वारा की गई. प्रारंभ में ट्रस्ट की ओर से कार्यक्रम संयोजक प्रभारी गोपाल अग्रवाल, रामप्रसाद सोनथलिया, किशनलाल एरन, अनिल खंडेलवाल, जयेश अग्रवाल, अशोक एरन, मनीष खजांची, गोपाल जिंदल, मुन्नालाल बंसल, हरिनारायण छोगालाल बंसल, चंदू गोयल, रमेश एरन, प्रभात अग्रवाल, हरि अग्रवाल सहित मातृशक्ति ने मंगल पाठ में भी अपनी भागीदारी दर्ज कराई. मंगल पाठ में ममता गर्ग के सानिध्य में सरोज ऐरन, विमलादेवी धानुका, पुष्पादेवी खंडेलवाल, मुकेश अग्रवाल एवं शिमला देवी अग्रवाल सहित सैकड़ों महिलाओं ने भाव विभोर होकर भाग लिया.

### कन्या पूजन रहा आयोजन का मुख्य आकर्षण

संध्या को ठीक 6.45 बजे परंपरागत तांडव आरती पं. विश्वजीत महाराज के सानिध्य एवं माँ नर्मदा की आरती उज्जैन के पं. नन्दू गुरु की टीम द्वारा शुरू करते ही हजारों श्रद्धालु झूम उठे. आरती के पश्चात कन्या पूजन का दिव्य आयोजन भी इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण बना रहा.

## नए वर्ष की शुरुआत ध्यान और आत्मनिरीक्षण के साथ

### महावीर बाग में समूह सामयिक का आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया



**इन्दौर.** नया वर्ष केवल कैलेंडर बदलने का अवसर नहीं, बल्कि आत्म-चिंतन, आत्म-अवलोकन और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने का महत्वपूर्ण समय होता है. जब व्यक्ति स्वयं को पहचानता है और अपने भीतर झांकता है, तभी वह परमात्मा से जुड़ने की दिशा में अग्रसर होता है. आत्म-चिंतन, संयम, ध्यान और आत्म-अवलोकन के सूत्रों को जीवन में अपनाकर ही सच्चे अर्थों में जीवन को सफल बनाया जा सकता है.

यह विचार फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ स्वाध्यायी जिनेश्वर जैन ने नए वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित समूह सामायिक की आराधना कराते हुए व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि नया साल हमें यह सोचने का अवसर देता है कि बीते वर्ष में हमने क्या खोया और क्या पाया. आत्ममंथन के माध्यम से स्वयं का निष्पक्ष आकलन करना ही आत्मविकास की पहली सीढ़ी है. महावीर बाग में आयोजित यह आयोजन प्रात: 7.15 बजे प्रारंभ हुआ. कार्यक्रम का उद्देश्य नए वर्ष का स्वागत भौतिक उत्सवों से अलग, अध्यात्म, शुद्ध विचारों और आत्मिक ऊर्जा के साथ करना था. यह आयोजन इंदौर में अपनी तरह का पहला अवसर रहा, जब नए वर्ष का स्वागत समूह सामायिक के माध्यम से किया गया. संपूर्ण आयोजन का संयोजन वरिष्ठ स्वाध्यायी एवं फेडरेशन के अध्यक्ष जिनेश्वर जैन द्वारा किया गया. वरिष्ठ श्रावक रमेश भंडारी द्वारा मंगल पाठ किया गया. कार्यक्रम में महासचिव अरिहंत जैन सहित किरण सिरोलिया, नरेंद्र भंडारी, रितेश कटकानी एवं अनिल सामोता द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम के पश्चात प्रभावना का वितरण समाजसेवी कैलाश नाहर एवं प्रकाश भटेवरा द्वारा किया गया.

### की नवकार मंत्र की स्तुति

उपस्थित श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से नवकार मंत्र की स्तुति की तथा मेरी भावना का पाठ किया. समूह सामायिक में बीते वर्ष की भूलों के लिए क्षमायाचना का विशेष भाव रखा गया. समारोह में प्रमुख रूप से कांतिलाल बम, जितेंद्र चोपड़ा, दीपक जैन टीनू, नरेंद्र मेहता, भगवतीलाल नागौरी, राजकुमार पंजाबी, सुभाष विनायक्या, रवि बाफना, सुरेश देशलहरा, प्रकाश नाहर, संजय नाहर, कांता भटेवरा, नीलू जैन, शोभा जैन, कविता भंडारी, प्रभा संचेती, शांता भामवत, कल्पना पटवा सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे.

## प्रेम वह शक्ति जो राष्ट्रीय एकता सुदृढ़ करती है : जिला न्यायाधीश खान

### क्रिसमस की रोशनी में प्रेम और सौहार्द का काव्यात्मक संगम

**इंदौर. क्रिसमस पर्व की आत्मीय गरिमा, प्रेम और भाईचारे के संदेश के साथ आत्मदर्शन द्वारा प्रेरणा सदन आयोजित मुशायरा नाइट ने साहित्य, संस्कृति और आध्यात्म का अनुपम संगम प्रस्तुत किया.**

हम चमकना चाहते हैं, देर तक थीम पर सजी इस विशेष संध्या में शायरों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से प्रेम, सद्भाव, एकता और मानवीय संवेदनाओं की सुगंध बिखेरी. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान थे. उन्होंने कहा कि प्रेम वह शक्ति है, जो समाज की दूरियों को मिटाकर राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करती है और देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाती है.

उन्होंने शायरों से आह्वान किया कि वे अपनी कविताओं और ग़ज़लों के माध्यम से प्रेम, सौहार्द, भाईचारे और मानवीय मूल्यों पर आधारित एक सशक्त और एकजुट भारत के निर्माण का संदेश समाज तक पहुंचाएं. क्रिसमस पर्व के पावन अवसर पर जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने अपने स्वरचित गीत की भावपूर्ण प्रस्तुति भी दी. कार्यक्रम की शुरुआत में पुरुषोत्तम धाकड़ ने उभरते शायरों का स्वागत एवं सम्मान किया. कार्यक्रम की मेजबानी फादर आनंद ने की.

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सांस्कृतिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और आपसी सद्भाव को मजबूत करते हैं. मुशायरे का संचालन सचिन राव 'विराट' द्वारा किया गया. कार्यक्रम में शायर धीरज चौहान, शाहनवाज अंसारी, महेंद्र सिंह पवार, राहुल शर्मा उर्फ़ राहिल, यश शुक्ला, शौरभ, श्री नदीम एवं श्री अंश ने अपनी नज़्मों और ग़ज़लों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया. कार्यक्रम में विशेष रूप से फादर प्रीतम, पंकज नागर, रामस्वरूप, ईशायू एवं आयुषी की गरिमामयी उपस्थिति रही.



## मांडू की खिली-खुली वादियों में खुला दोस्तों का मन

- मिलन समारोह का आयोजन, जीवन सफर साझा किया

**इंदौर/मांडू. विंध्य पर्वत पर 13 किमी क्षेत्र में फैले ऐतिहासिक किले मांडू की वादियों में धार मित्र मंडल के इंदौर, धार व अन्य नगरों में निवासरत दोस्तों ने पर्यटन के साथ मिलन समारोह मनाया. मांडू की खिली-खुली वादियों में दोस्तों ने दिल खोलकर मस्ती की. लग ही नहीं रहा था कि उम्रदराज हो गए हैं. नीलकंठेश्वर महादेव के अभिषेक-मंत्रोच्चार के बाद दर्शनीय स्थलों का भ्रमण शुरू हुआ, जो राम मंदिर, जैन मंदिर के दर्शन पर थमा.**



जैन मंदिर में स्वादिष्ट भोजन से तृप्ति के बाद यहां आयोजित मिलन समारोह में धार महाविद्यालय की यादों के सफर का सिलसिला प्रारंभ हुआ. सबने अपने पढाई के बाद कामकाज से लेकर सेवानिवृति के उपरांत तक की बातें रखी. इस दौरान कुछ अनछुए पहलू भी उजागर हुए. सभी दोस्तों ने इसका मजा लिया. कविता-शायरी के बीच अश्विनी व्यास और जोगसिंह डंग ने बेहतरीन तराने प्रस्तुत किए. इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर राकेश व्यास, मुरलीदास महंत, का स्वागत किया गया. मंच संचालन डॉ. अनिल गंगवाल ने किया. इस समारोह में शामिल दोस्तों प्रकाश राजवैद्य, डॉ. अनिल गुप्ता, राकेश व्यास, मुरली दास महंत, प्रमोद पाठक, महेश राठौड़, भगवान लाल वर्मा, राजेन्द्र योगी, अश्विनी व्यास, कैलाश पुरोहित, दशरथ सिंह राठौड़, संजय व्यास, अनिल मांडलिक, डा. अनिल गंगवाल, सुनील सुरंगे, जोग सिंह, राजेन्द्र पांडे, सुधीर अभ्यंकर, सतीश पाठक, अशोक मंगल ने अपने महाविद्यालय छोड़ने से अब तक के 45 वर्षों के जीवन सफर को साझा किया.

एक नजर में

श्याम मित्र मंडल की मेजबानी में श्याम बाबा के दरबार का हुआ मनोहारी श्रृंगार

## बाहुबली के श्रृंगार में गणेश और हनुमान के बीच विराजे खाटू नरेश

**इंदौर.** श्याम मित्र मंडल शिव मोती नगर की मेजबानी में शनिवार रात राजीव गांधी चौराहा स्थित शुभकारज गार्डन पर 30वें अ.भा. श्याम संकीर्तन महोत्सव में देश के विभिन्न शहरों से आए प्रख्यात भजन गायकों ने अपनी भक्ति भावना से हजारों श्रोताओं का मन मोह लिया, वहीं चार हजार वर्गफुट क्षेत्र में बने मंच पर हनुमानजी एवं गणेशजी के मध्य विराजित बाहुबली श्याम सरकार के दरबार, अखंड ज्योत, छप्पन भोग एवं श्याम रसोई की साक्षी में देश-प्रदेश से आए श्याम भक्तों का मिलन समारोह भी इंद्रधनुषी रंगों से सजा रहा.




दो दिवसीय इस महोत्सव का शुभारंभ श्याम भक्त पुष्पा मित्तल के सानिध्य में रींगस से आए पंडितों के आचार्यत्व में अखंड ज्योत, हनुमानजी, गणेशजी एवं चांदी के झूले पर विराजित कृष्ण और बाहुबली खाटू श्याम के समक्ष प्रार्थना और वंदना के साथ हुआ. महोत्सव में कोलकाता से आए रंगकर्मी, पुष्प सज्जाकार इंद्रजीत दादा और उनके 20 सहयोगी कलाकारों ने अश्वारोही रथ और चांदी के झूले में विराजित श्याम बाबा का ऐसा मनोहारी श्रृंगार किया कि हर कोई एकटक देखता ही रह गया. महोत्सव के पहले दिन श्याम भक्त श्रीमती पुष्पा मित्तल के सानिध्य में श्याम मित्र मंडल की ओर से गोविंद अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, पार्थ मित्तल मोरनी, राजेश सिंघल, मुकेश सिंघल आदि ने सबसे पहले श्याम दरबार का पूजन किया. रींगस स्थित श्याम मंदिर से आए पुजारी परिवार के सदस्यों की मौजूदगी में श्याम मित्र मंडल के संस्थापक ब्रह्मलीन जगदीशचंद्र अग्रवाल की पुण्य स्मृति को देश-प्रदेश से आए श्रोता एवं भक्तों ने शिद्दत से जीवंत बनाया.

### कलाकारों ने प्रस्तुतियों से बांधा समां

महोत्सव में पहले दिन समस्तीपुर से आई रेशमी शर्मा, कोलकाता से सौरभ शर्मा, जयपुर के शिवम रावल ने दिल्ली के प्रख्यात संगीतकार नरेश पुनिया और उनकी टीम की जुगलबंदी के बीच अपनी प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि कड़ाके की शीतलहर के बावजूद देशभर से आए हजारों श्याम भक्त झूमते, नाचते, गाते रहे। यह सिलसिला रात 8 बजे से शुरू हुआ जो आधी रात तक जीवंत बना रहा। प्रारंभ में श्याम मित्र मंडल की ओर से गोविंद अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, पार्थ मित्तल, राजेश सिंघल, मुकेश सिंघल, अंजू सिंघल आदि ने सभी मेहमानों का स्वागत किया. महोत्सव के दूसरे दिन 4 जनवरी को भी रात 8 बजे से कोलकाता से आए भजन गायक राज पारिक एवं जयपुर से आए अभिषेक नामा सहित दिल्ली और कोलकाता से आए संगीतकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी।.